कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः— शिविरा/माध्य/छात्रवृति/ मु.ह.बे.यो/2018—19 दिनांकः 13/3/18

स्मरण पत्र/अत्यन्त आवश्यक

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
माध्यमिक (मुख्यालय)

विषयः— "मुख्यमंत्री हमारी बेटियॉं योजना" के अन्तर्गत जिले की दो मेधावी बी.पी.एल. परिवार की एक व **एक अनाथ** मेघावी (Meritorious) छात्राओं का विस्तृत विवरण शाला दर्पण पोर्टल पर अपलोड करवाने बाबत्।

प्रसंगः— इस कार्यालय का समसंख्य पत्रांक दिनांक 04.07.2018, 12.07.2018 व 24.07.2018 के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पात्र के सन्दर्भ में आपको निर्देशित किया गया था कि "**मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना**" के अंतर्गत आपके जिले से वर्तमान व गत सत्रों में चयनित मेधावी बालिकाओं को सत्र 2018—19 में देय लाभ की राशि को शाला दर्पण पोर्टल पर फीडिंग कर इस कार्यालय को सूचित किया जाना था। शाला दर्पण पोर्टल पर आप द्वारा की गयी फीडिंग का अवलोकन करने पर ज्ञात हुआ है कि आप द्वारा डाटा फीडिंग में लापरवाही बरती जा रही है, जो कि अत्यंत खेद का विषय है। चुँकि यह राज्य सरकार की फ्लेग—शिप योजना है और राज्य सरकार व विधानसभा प्रश्नों द्वारा उक्त योजना से सम्बन्धित आंकड़े निरंतर मांगे जाते रहते है अतः उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर तत्काल निस्तारित करें।

आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि इन बालिकाओं दी जाने वाले वित्तीय सहायता की अद्यतन स्थिति इस कार्यालय को मेल आई—डी deo.scholar.dse@rajasthan.gov.in व scholar.cell.e@gmail.com पर निम्नांकित प्रारूप में पत्र प्राप्ति के साथ ही तत्काल उपलब्ध करवाएं।

क्रम संख्या	जिले का नाम	बालिका का नाम व चयन वर्ष	जिस संस्था में बालिका अध्ययन कर रही उसका नाम, कक्षा व संकाय	हेड 1 में उपलब्ध करवाई गई राशि का चैक नं. व दिनांक	हेड 2 से 5 में उपलब्ध करवायी गयी राशि का चैक नं. व दिनांक	यदि किसी बालिका का भुगतान नहीं हुआ है तो उसका विवरण

प्रभारी अधिकारी
छात्रवृति एवं प्रोत्साहन प्रकोष्ठ
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

www.rajteachers.com

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ :—

1. समस्त संयुक्त निदेशक, स्कुल शिक्षा कार्यालय उक्त कार्य का प्रभावी क्रियान्वयन व मॉनिटरिंग कर चाही गई सूचना इस कार्यालय को प्रेषित करने का श्रम करें।

प्रभारी अधिकारी
छात्रवृति एवं प्रोत्साहन प्रकोष्ठ
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर